## Headline

- **April Bank Holidays: अप्रैल महीने में कुल 15 दिन रहेंगे बैंक बंद, तुरंत निपटा लें अपने जरूरी काम**
- **Bihar: सासाराम में हिंसा के चलते अमित शाह का दौरा रद्द, BJP प्रदेशाध्यक्ष बोले- वहां हमारे लोगों पर बम चल रहे**


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 261 | इंदौर, शनिवार 01 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# मंदिर हादसा : सात दिनों में अवैध निर्माण तोड़े, नहीं तो कोर्ट जाएंगे : कमल नाथ



**दो-तीन घर में मिलकर ही निकल गए कमल नाथ। लोगों में नाराजगी, बाकलीवाल ओर अन्य नेताओं के जमघट से भी लोग नाराज**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने शनिवार को इंदौर में रामनवमी पर स्नेह नगर के बेलेश्वर महादेव मंदिर हादसे के घायलों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिजनों से बातचीत भी की। हालांकि उन्हें सभी घरों में जाना था, लेकिन वह दो-तीन घरों में जाकर लौट गए इससे लोगों में नाराजगी है।

परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा- स्थानीय रहवासियों ने अवैध निर्माण की शिकायत की है। सात दिनों में अवैध निर्माण तोड़ा जाए वरना अवैध निर्माण और दोषियों के खिलाफ हम कोर्ट जाएंगे। यह हादसा अवैध निर्माण का ही परिणाम है।

कमलनाथ ने रेस्क्यू ऑपरेशन की गति पर भी उठाए सवाल। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी, तो हर जिले में रेपिड रेस्क्यू फोर्स का गठन किया जाएगा, जो 15 मिनट में मौके पर पहुंचेगी। सेना की टीम घटनास्थल पर 12 घंटे बाद पहुंची। तब तक कोई प्रबंध नहीं और इसे हम स्मार्ट सिटी कहते है। यह शर्म को बात है। लोगों ने बताया कि शिवराज जी ने हमसे बात नहीं की, हमारी सुनी भी नहीं। शिवराज जी केवल इवेंट और मीडिया के सामने दो बातें करते हैं। मुआवजे से सब कुछ साफ करते हैं।

इससे पहले उन्होंने एप्पल अस्पताल पहुंचकर बेलेश्वर महादेव मंदिर हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की एवं सभी का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उनके साथ शहर कांग्रेस के पदाधिकारी भी थे। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पटेल नगर पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ित परिवारों के घर जाकर सांत्वना दी। वह कच्छ पाटीदार समाज की धर्मशाला भी पहुंचे।



कमल नाथ के सामने नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ फिर निकला पीड़ित परिवारों और समाज जन का गुस्सा। पर्याप्त नहीं थे बचाव के इंतजाम। कमलनाथ से नहीं मिलने और अपनी बात नहीं रख सकने को लेकर लोग नाराज। धर्मशाला में लोगों से मिलने का कार्यक्रम था, लेकिन दो-तीन घर में मिलकर ही निकल गए कमल नाथ। लोगों में नाराजगी, बाकलीवाल ओर अन्य नेताओं के जमघट से भी लोग नाराज।

बता दें कि रामनवमी पर स्नेह नगर के पटेल नगर के बेलेश्वर महादेव मंदिर में बनी बावड़ी की छत धंसने के कारण 30 से ज्यादा लोग बावड़ी में गिर गए थे। पहले दिन रेस्क्यू कर 18 लोगों की जान बचाई गई थी। लेकिन 36 लोगों की हादसे में मौत हो गई थी। सेना, एनडीआरएफ और नगर निगम ने करीब 26 घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया था। हालांकि पहली सूचना के करीब डेढ़ घंटे के बाद हादसों के हताहतों को मदद मिली थी। सेना को करीब 12 घंटे के बाद रेस्क्यू के लिए बुलाया गया था।

---

**गोपाल कोडवानी, अध्यक्ष संत कंवरराम व्यापारी संघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री से पूछा -**

## सीएम साहब... जरा सिंधी परिवारों में भी गम बांट जाते, क्या हमारे लोग आपकी जेब में हैं..!

कल प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज महाराज हादसे के 22 घंटे बाद इंदौर पहुंचे। यानी भोपाल से इंदौर की दूरी तय करने में इतना वक्त लग गया। इसके बाद भी वे एप्पल अस्पताल से सीधे पटेल परिवार की धर्मशाला पहुंचे। यहां से बिना कुछ सोचे और बात किए भोपाल निकल गए। सीएम साहब क्या आपको नहीं लगता है कि इंदौर में हुए इस विभत्स हादसे में सिंधी समाज के भी दर्जनभर से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। हमारे परिवारों ने भी दो साल के हितांश से लेकर मनीषा जैसी नवेली बहू और 84 साल की बुजुर्ग जयवंती जी को खोया है। क्या किसी के घर जाकर आप दुख और गम नहीं बांट सकते थे। क्या आपने हमारे समाज के कुछ नेताओं को पार्टी में जोड़कर अपने वोट जेब में रख रखे हैं।

ऐसा नहीं चलेगा साहब। आप के लिए सब एक जैसे होना चाहिए। क्या छोटा क्या बड़ा और क्या अमीर और क्या गरीब। आप खुद ही समाजवाद की राजनीति करके निकल गए।

# शिप्रा में किसानों का गेहूं ना खरीदने पर जोरदार हंगामा

## ● कांग्रेस नेत्री रीना बौरासी सेतिया ने संभाला मोर्चा , फिर हुई गेहूं की खरीदी शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । सरकारी अधिकारियों के द्वारा शिप्रा स्थित सायलो में किसानों का गेहूं नहीं खरीदे जाने के कारण सैकड़ों किसान परेशान होने लगे । ऐसी स्थिति में मौके पर पहुंचकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की इंदौर संभाग की प्रवक्ता रीना बौरासी सेतिया ने मोर्चा संभाला, फिर जाकर किसानों की गेहूं की खरीदी शुरू हो सकी ।**

रीना बोरासी सेतिया ने बताया कि हर दिन की तरह कल भी वे सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर थी । इस दौरे के दौरान ही किसानों का फोन आया । जिसमें किसानों के द्वारा यह बताया गया कि शिप्रा स्थित सायलों में सरकारी गेहूं खरीदी केंद्र पर उनका गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है । सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करने के लिए यह केंद्र बनाया गया । यह जानकारी सामने आते ही रीना बोरासी सेतिया तत्काल शिप्रा में पहुंच गई ।

## महाआरती के बाद पंजेरी का प्रसाद वितरित

**इंदौर**। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्रीरामनवमी हर्षोल्लास से मनाई गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी। पहले श्रीराम दरबार का नवश्रृंगार हुआ। माता कालका, देवीदुर्गा, मां सरस्वती और महालक्ष्मीजी का नवश्रंगर कर सभी देवियों को नई चुनरी ओढ़ाई । कन्याओं का पद पूजन कर उन्हे भोजन कराया और भेंट दी। भक्तो ने बड़ी संख्या में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।सुंदरकांड की चौपाई और वैदिक मंत्रोच्चार से हवन हुआ।दोपहर 12 बजे शंख ध्वनि और नगाड़ों के साथ भगवान श्रीराम हनुमान की महाआरती हुई। चारो और श्रीराम के जयकारे गूंजे। पंजेरी का प्रसाद वितरित हुआ।

# एमएसएमई डिजाइन स्कीम अवेरनेस प्रोग्राम पर कार्यशाला आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश. एमएसएमई विकास संस्थान एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर, एसीई फाउंडेशन, इन्क्युबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में एमएसएमई मंत्रालय की डिजाइन योजना की जानकारी के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आज होटल अमरविलास में किया गया जिसमें डिजाइन विशेषज्ञ वक्ता डॉ. पराग व्यास ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से डिजाइन कार्यान्वयन योजना की जानकारी दी और डिजाईन योजना का लाभ अपने उद्योगों में लेने का उद्योगपतियों से आग्रह किया। एसोसिएशन की ओर से विशिष्ठ अतिथि श्री अनील जोशी ने प्रॉडक्ट में डिजाईजन के महत्व को बताया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के श्री राजीव पांडे एवं प्रो. डॉ. स्वामीनाथन आर. ने डिजाइन योजना के उद्योगों में लाभ और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा दिये जाने वाली वित्तीय सहायता पर भी प्रकाश डाला।

श्री स्वामीनाथन ने आईआईटी इंदौर की गतिविधियों के बारे में भी उद्योगपतियों को जानकारी साझा की । श्री स्वामीनाथन ने अपने उद्बोधन में इनोवेटीव स्कीम, इनक्युबेशन स्कीम एवं एमएसएमई डिजाइन योजना पर उद्योगपतियों से चर्चा की। अतिथियों ने कहा कि डिजानइ का उद्देश्य भारतीय निर्माण क्षेत्र और डिजाइन विशेषज्ञता को एक मंच पर लाना है, नये उत्पादों का विकास, इसमे निरंतर सुधार और मौजूदा एवं नए उत्पादों में मूल्यवर्धन के लिए डिजाइन समस्याओं पर रियल टाइम विशेषज्ञ सलाह तथा प्रभावी समाधान प्रदान करना है।

कार्यक्रम में उद्योगपति श्री अनील जोशी, एमएसएमई विकास संस्थान के प्रभारी निदेशक श्री डी. डी. गजभियें, सहायक निदेशक श्री गौरव गोयल सहित 50 से अधिक संख्या में उद्योगपतियों एवं महिला उद्यमियों ने भाग लिया और योजना पर अपने प्रश्न रखे जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। अंत में आभार आयआयटी के श्री राजीव पांडे ने माना।

# दो सौ से अधिक कन्याओं का पूजन कर भेंट किए स्कूल में काम आने वाले अनेक उपहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। छोटा बांगड़दा, एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर गुरुवार रात को 200 से अधिक कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें नए वस्त्र, चुनरी, मुकुट-माला एवं स्कूल में काम आने वाली वस्तुओं का उपहार देकर सम्मानित किया गया। बाबाश्री परमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में आयोजित इस कार्यक्रम में रामनवमी एवं चैत्र नवरात्रि के समापन पर आसपास की बस्तियों की 200 से अधिक कन्याओं को दोपहर 4 बजे से आमंत्रित किया गया था। उनके लिए पसंदीदा खेलों की व्यवस्था के साथ ही अनेक व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए थे। संध्या को ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश- सीता देवी गोयल, द्वारकाप्रसाद गोयल, छायासिंह (रांची), वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, अरुण आष्टावाले, विष्णु बिंदल, गोविंद सिंघल, अजय आलूवाले, कैलाश नारायण बंसल, अग्रवाल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष राजेश बंसल आदि ने सभी कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें मुकुट- माला, चुनरी एवं स्कूल में उनके काम आने वाली वस्तुओं जैसे पेन, पेंसिल, रबर, कंपास, नए वस्त्र, चूड़ियां, कड़े, अभ्यास पुस्तिका, ड्राइंग शीट आदि से भरा बैग उपहार में सौंपने के बाद उन्हें स्नेह भोज भी परोसा।

## विभिन्न मंचों से हुआ श्री साई बाबा की पालकी यात्रा का स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्रीरामनवमी पर बड़ा गणपति से सांई बाबा की भव्य पालकी यात्रा लाव-लश्कर के साथ निकाली गई। इस यात्रा में शिर्डी से लाई गई विशाल शॉल के भी भक्तों ने दर्शन किए। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घोड़े- बग्घी, लवाजमा, छत्र, झांज-मंजीरा पार्टी, झांकी के साथ ही भक्तो का सैलाब भी साथ चल रहा था। श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति के महासचिव अशोक गोयल ने बताया कि यात्रा मार्ग में 50 से ज्यादा सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा यात्रा का जगह जगह स्वागत भी किया गया और फूलो की बरसात भी की गई।

# अतिक्रमण हट जाता तो नहीं होता हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इतनी बड़ी संख्या में मौतों से मानवता शर्मसार हो गई।अगर समय रहते उस घटना स्थल पर अतिक्रमण हट जाता तो ऐसी विपदा से बचा जा सकता था। भाजपा नेता सेवाराम गलानी द्वारा जबरन कब्जा कर बावड़ी को ढक दिया गया था।रहवासियों द्वारा बार बार शिकायत करने बाद भी शासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं गई।भाजपा के बड़े नेताओं के दबाव के कारण दो बार अवैध अतिक्रमण टूटने से रह गया था। इस दुःखद घटना में संलिप्त दोषियों पर कार्यवाही कि मांग करते हुए आज जूनी इंदौर थाने पर एफआईआर दर्ज करवाने कांग्रेस जन पहुंचे। इस मामले में नगर निगम के अधिकारी, सांसद,क्षेत्रीय विधायक,क्षेत्रीय पार्षद के खिलाफ आवेदन दिया।इस अवसर पर दीपक जोशी पिंटू, चिंटू चौकसे, अमन बजाज, शैलेश गर्ग सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त होने पर सोनी का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपसंचालक कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं मध्य प्रदेश नंदा नगर इंदौर में कार्यरत जगदीश प्रसाद सोनी स्टोनोटाईपिस्ट सेवानिवृत्त हुए। वरिष्ठ एल.पी.पाण्डे संभागीय अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी ने स्वागत भाषण में कहा है कि सोनी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ कि सोनी सीमेंट है एक एक ईट को जोड़कर जिसने हमें मजबूत बनाया हर पल को खुब सूरत बनाया जिसके आने से पुरे संगठन में जान आ जाती है जिनकी आज शासकीय सेवा से विदाई। इस अवसर पर कर्मचारियों के साथ संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा, सचिव राकेश कुमार वमार्, कोषाध्यक्ष हरि सिंह पाल ,स्वास्थ्य विभाग के विभागीय समिति अध्यक्ष नंद किशोर हरियाल ,सहसचिव पवन चावरे ,अशोक चौकसे,नरेन्द्र कुमार खोवाल, एम.डी. यादव , डा. श्री रमेश चंद्र अलेरीया , पुष्पा ऋषि, उषा पाल कार्यक्रम के पश्चात आभार सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बालमुकुंद गौड़ ने माना।

# घोर लापरवाही पर भी आपकी खामोशी दर्दनाक - रीना बौरासी सेतिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की इंदौर संभाग की प्रवक्ता रीना बौरासी सेतिया ने इंदौर शहर में हुई दर्दनाक घटना के घायलों को अस्पताल में अलग-अलग बेड तक नहीं मिल पाने पर अफसोस जताया है । उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद जब इन घायलों से मिलने के लिए पहुंचे तो एक बिस्तर पर सो रही दो घायल बालिकाओं से मिल लिए । उनके मुंह से भी यह नहीं निकला कि इन लाडली लक्ष्मी को अलग-अलग बिस्तर पर व्यवस्थित रखा जाएं और उनका इलाज किया जाएं । यह अपने आपमें चिंताजनक स्थिति है । इस स्थिति पर मुख्यमंत्री की खामोशी ज्यादा दर्दनाक है । रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि यह तो स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा के नेताओं के संरक्षण से ही इस स्थान पर अवैध निर्माण और कब्जे हुए हैं । उसी के चलते हुए यह इतना बड़ा हादसा हुआ है । ऐसे में पुलिस को चाहिए कि कब्जा करने वाले और इस कब्जे को संरक्षण देने वाले नेताओं को भी इस घटना के लिए प्राथमिक रूप से दोषी मानते हुए उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाएं ।

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने मजिस्ट्रीयल जांच की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर श्री बेड़ेकर को सौंपी

### जांच के बिन्दु किए गए तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में गत 30 मार्च को श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में स्नेह नगर के पास पटेल नगर में राम नवमी के अवसर पर हुयी बावड़ी धसने की घटना के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस जांच की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर श्री अभय बेड़ेकर को सौंपी है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने जांच के बिन्दु भी तय कर लिए हैं। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार बताया गया कि यह जांच मृतकों की किन परिस्थितियों में मृत्यु हुयी? उक्त घटित सम्पूर्ण घटना का घटनाक्रम क्या था? उक्त घटित सम्पूर्ण घटनाक्रम में क्या परिस्थितियां थी, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु सुझाव, अन्य कोई बिन्दु जांच के दौरान प्रकाश में आता है तो उसके संबंध में अभिमत, बिन्दुओं पर की जाएगी। उक्त घटना की जांच 15 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंदिर में हुई दुर्घटना के मृतकों की अंत्येष्टि में शामिल हुए मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर राज्य शासन की ओर से जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट आज श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुई दुर्घटना के मृतकों की अंत्येष्टि में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की और मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि ऐसा कोई पैमाना नहीं हो सकता जो इस दारुण दुख को माप सके। हम सभी इन्दौर वासी निशब्द हैं। श्री सिलावट ने मंत्रिमंडल की ओर से पीड़ित और शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना प्रदान की।

## इंदौर शहर में होंगी 279 आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती

### इच्छुक महिलाएं 20 अप्रैल तक कर सकेंगी आवेदन

**इंदौर**। इन्दौर शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 279 आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवेदन पत्र मंगाए जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। इच्छुक महिलाएं 20 अप्रैल तक अपने आवेदन कर सकेंगी। यह भर्ती राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न वार्डो के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संपादन के लिए की जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं के चयन हेतु महिलाओं का संबंधित वार्ड में विगत 6 माह का निवासी होना आवश्यक है। उनकी आयु सीमा 21 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवार का विवाहित महिला होना आवश्यक है। तलाकशुदा, परित्यकता, विधवा महिला को वरियता दी जायेगी। शैक्षणिक योग्यता- न्यूनतम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। ए.एन.एम. प्रशिक्षण उत्तीर्ण, महिला आरोग्य समिति की सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह में कार्यरत महिला को चयन हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# बिजली की नई दर आज से लागू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। मप्र में बिजली की दर आज से लागू हो गई है। मप्र विद्युत नियामक आयोग ने मंगलवार की देर रात बिजली की नई दर तय कर दी थी। औसत बिजली के दाम में 1.65 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य रूप से समझे तो 50 यूनिट मासिक खपत वाले को पांच रुपये और 300 यूनिट की मासिक खपत पर 38 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बिजली कंपनी ने 1535 करोड़ रुपये के अंतर के लिए 3.20 प्रतिशत दाम में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था लेकिन आयोग ने सिर्फ 795 करोड़ रुपये के अंतर को पूरा करने के लिए मांग का आधा ही मंजूर किया है। माना जा रहा है कि चुनाव साल होने की वजह से भी बिजली की दर कम बढ़ाई गई है।**

मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 48993 करोड़ रुपये राजस्व के लिए मंजूरी दी गई है। इस बार टैरिफ में घरेलू उपभोक्ता को न्यूनतम शुल्क में माफी दी गई है। अभी तक उपभोक्ता को बिना बिजली जलाए भी न्यूनतम बिजली बिल का भुगतान करना होता था। इसके अलावा निम्न दाब के गैर घरेलू उपभोक्ता और निम्न दाब औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ता के लिए बिजली दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

### बढ़ोतरी का व्यापक असर

सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता मप्र पावर जनरेशन कंपनी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बिजली दर बढ़ने का व्यापक असर होगा । घरेलू दर छह पैसे बढ़ने के अलावा नियत प्रभार भी बढ़ा है जिसका असर उपभोक्ता पर होगा। 50 यूनिट वाली खपत वाले उपभोक्ता पर पांच रुपये से लेकर 300 यूनिट और उससे ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ता को 38 रुपये की बढ़ोतरी सीधे तौर पर होगी। इसमें इलेक्ट्रिसिटी चार्ज और एफसीए का दर अलग से शामिल होगी।

### ग्रीन एनर्जी वालों को लाभ

ऐसे बिजली उपभोक्ता जो पर्यावरण के लिए जागरूक उपभोक्ता हैं और वे रिन्युऐबल एनर्जी का ही उपयोग कर कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना चाहते हैं। ऐसे उपभोक्ता 0.97 रुपये प्रति यूनिट का अतिरिक्त भुगतान कर ग्रीन एनर्जी से बिजली का उपयोग कर सकते हैं। वर्तमान दर 1.13 रुपये है। इस दर में 16 पैसे प्रति यूनिट की कमी की गई है। उपभोक्ताओं को पूर्व अनुसार कोई भी मीटरिंग चार्जेस नहीं लगेंगे। हालांकि सामान्य बिजली की तुलना में यह दर अभी भी अधिक है और इसका उपयोग बहुत कम संख्या में उपभोक्ता करते हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियां भी ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करती है।

### 100 यूनिट वाले उपभोक्ता पर असर नहीं

मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी के सीजीएम शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि वर्तमान में शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी के प्रभाव से राज्य के अन्तर्गत 100 यूनिट तक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ता एवं फ्लेट रेट कृषि उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों पर इस दर वृद्धि का कोई प्रभाव नहीं रहेगा।

### ● यह खास बिंदु

- 30 यूनिट (एलवी-1) तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का न्यूनतम शुल्क खत्म कर दिया गया।
- निम्न दाब गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता (एलवी 2) तथा निम्न दाब औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ता उपभोक्ताओं पर मीटरिंग चार्ज खत्म कर दिया गया।
- प्रदेश में मेट्रो रेल के संचालन के लिए अलग दर श्रेणी एचवी-9 बनाई गइ है।
- ई व्हीकल और ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन (एलवी 6 और एलवी 7) की विद्युत दरों में स्थाई प्रभार खत्म कर दिया गया।
- विद्युत भुगतान आनलाइन किए जाने पर 0.5 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी।

# शराब दुकान खोलने के विरोध में महिलाओं ने उठाई लाठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** जूना सोमवारिया में शराब दुकान खोलने को लेकर शुक्रवार को महिलाओं ने जमकर हंगामा मचाया। ठेकेदार के कर्मचारियों ने महिलाओं से अभद्रता कर दी। इसको लेकर महिलाओं ने दुकान का सामान रखने के लिए आए वाहन के कांच फोड़ दिए। महिलाओं का आक्रोश देखते हुए ठेकेदार व उसके कर्मचारी मौके से भाग गए। शराब दुकान के विरोध में लोगों ने धरना भी दे दिया। जूना सोमवारिया में शनिवार से नई शराब दुकान खोली जा रही है। इसे लेकर रहवासी खासे नाराज हैं। लोगों का कहना है कि शराब दुकान खोलने से हमारे बच्चों पर गलत असर पड़ेगा। यहां 150 से अधिक बच्चे हैं। वहीं शराब पीने वाले लोग आए दिन यहां हंगामा करेंगे व महिलाओं व युवतियों से छेड़छाड़ करेंगे।

### आक्रोश देख भाग गया शराब दुकान का ठेकेदार

शुक्रवार को शराब दुकान ठेकेदार अपने कर्मचारियों के साथ दुकान खोलने के लिए सामान लेकर पहुंचा। जिस पर महिलाएं भड़क गई और नारेबाजी शुरू कर दी। उसी दौरान ठेकेदार व उसके कर्मचारियों ने महिलाओं से अभद्रता कर दी। इससे नाराज महिलाओं ने लाठी व पत्थर मारकर ठेकेदार का वाहन तोड़ दिया। महिलाओं को आक्रोशित देखकर ठेकेदार व उसके कर्मचारी वहां से भाग निकले। क्षेत्र के लोगों ने दिया धरना शराब दुकान खोले जाने के विरोध में क्षेत्रवासियों ने धरना दे दिया। लोगों की मांग है कि उनके घरों के आसपास शराब दुकान नहीं खोली जाना चाहिए। बीते वर्ष भी लोगों ने केडी गेट स्थित शराब दुकान का भारी विरोध किया था। हालांकि इसके बाद भी दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया था।

### इंदौर गेट शराब दुकान का भी विरोध

इंदौर गेट स्थित शराब दुकान का भी विरोध किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकार की नई नीती है कि स्कूलों के आसपास 100 मीटर तक शराब दुकान नहीं खोली जाएगी। मगर इंदौर गेट पर शराब दुकान के समीप ही दो स्कूल है। इसके अलावा इंदौरगेट महारानी का मंदिर भी है। जहां रोजाना श्रद्धालु पूजन-अर्चन करने के लिए आते है। इंदौर गेट के लोगों ने दो दिन पूर्व सहायक आबकारी आयुक्त को भी पत्र लिखकर शराब दुकान स्थानांतरित करने के लिए ज्ञापन दिया था।

# 73 साल की महिला भटकती रही, पुलिस ने नहीं सुनी, गृहमंत्री से की फरियाद, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ ठगी का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। अंततः शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुजुर्ग महिला से 10 लाख रुपये लेकर जीवन भर 8 हजार रुपए हर माह ब्याज देने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। उसने महिला को सिर्फ 18 हजार रुपये दिए हैं। इसके बाद से उसने पैसा देना बंद कर दिया। बुजर्ग महिला शिकायत लेकर पुलिस के पास भटकती रही, लेकिन तब उसकी सुनवाई नहीं की गई थी।**

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के मुताबिक, नीलकंठ कालोनी शाहजहांनाबाद निवासी 73 वर्षीय लखविंदर कौर पति स्व. सरदार राजेन्द्र गृहणी हैं। उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। उसमें बताया कि वर्ष 2013 में वह बांबे मरकनटाइल को-आपरेटिव बैंक, पीरगेट शाखा में 10 लाख 25 हजार रुपये जमा करने गई थीं। बैंक में उन्हें हसन मोहम्मद हसन नाम का युवक मिला। हसन ने अपना परिचय बैंक के कर्मचारी के रूप में दिया था। उसने झांसा दिया था कि बैंक में कम ब्याज मिलेगा। वह नगर निगम भोपाल का ठेका भी लेता है। यदि वह ठेके में पैसा लगाएं, तो वह 10 लाख रुपये के एवज में हर माह 15-20 हजार देगा। भरोसा जीतने के लिए उसने लखविंदर को 11 सेल्फ चेक भी दिए। कुछ समय तक वह पैसा देता रहा। इसके बाद जुलाई 2019 से पैसा देना बंद कर दिया।

अगस्त 2020 में लखविंदर ने कोहेफिजा थाना में इसकी शिकायत कर दी। इस बात का पता चलने पर हसन ने लखविंदर के घर पहुंचकर उन्हें जान से मारने की कोशिश भी की। इस घटना की जानकारी भी उन्होंने पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से की। गृह मंत्री के पास मामला पहुंचने पर पुलिस कुछ हरकत में आई, लेकिन केस दर्ज करने के बजाय पुलिस ने मोहम्मद हसन से लखविंदर कौर को हर माह आठ हजार रुपये देने का शपथ पत्र भरवाकर मामले को रफा-दफा कर दिया। सिर्फ 18 हजार रुपये देने के बाद हसन ने फिर रुपये देना बंद कर दिया। परेशान होने के बाद लखविंदर कौर ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। इस पर महिला ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निमिश राजा की कोर्ट ने पुलिस को एफआइआर करने का आदेश दिया। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# मध्य प्रदेश में 18 वर्ष से ऊपर की युवतियों को कांग्रेस देगी 1500 रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भाजपा सरकार की लाड़ली बहना योजना का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस एक और लुभावनी घोषणा करने की तैयारी में है। सत्ता में आने पर महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने का वादा करने के बाद अब इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित युवतियों को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि कालेज में पढ़ाई के दौरान भी लड़कियों को आर्थिक तंगी न झेलनी पड़े। हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आई कांग्रेस ने भी अपने वचन पत्र में यह वादा किया था। इस पर अमल भी शुरू हो गया है। शुक्रवार को कांग्रेस की वचन पत्र समिति की बैठक में इस पर चर्चा हुई। जुलाई में वचन पत्र सार्वजनिक करने की तैयारी है।

# पीएम मोदी भोपाल-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार से मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रानी कमलापति स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे। वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल से नई दिल्ली के बीच चलेगी।**



यह नई दिल्ली से मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली पहली हाईस्पीड ट्रेन होगी। रेलवे ने ट्रेन की औसत गति 91 किमी प्रति घंटा तय की है, जिसे आने वाले समय में बढ़ाया जाएगा। फिलहाल यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली की दूरी 7.40 घंटे व नई दिल्ली से रानी कमलापति स्टेशन की दूरी 7.50 घंटे में तय करेगी।

अभी शताब्दी एक्सप्रेस रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली की दूरी 8.35 घंटे और नई दिल्ली से रानी कमलापति स्टेशन की दूरी 8.40 घंटे में पूरा करती है। आने-जाने में समय का मामूली अंतर अप ट्रैक के ज्यादा घुमावदार होने के चलते आता है।

पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस ( ट्रेन नंबर- 20171) सप्ताह में शनिवार को छोड़कर शेष दिन तड़के 5.40 बजे रानी कमलापति स्टेशन से चलेगी और दोपहर 1.10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 8.46 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन, सुबह 9.48 बजे ग्वालियर व सुबह 11.23 बजे आगरा कैंट स्टेशन पर ठहराव लेगी।

वंदे भारत एक्सप्रेस ( ट्रेन नंबर- 20172) हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 2.40 बजे चलेगी और रात 10.10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। उक्त ट्रेन शाम 4.20 बजे आगरा कैंट, शाम 5.45 बजे ग्वालियर और शाम 7.03 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन पर ठहराव लेगी।

दोनों दिशाओं में गुजरते समय यह ट्रेन पलवल स्टेशन पर ट्रेवलिंग ठहराव लेगी, इस स्टेशन से यात्री न तो चढ़ सकेंगे और न ही उतर सकेंगे।

पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक शुभारंभ वाले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 3.15 बजे हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। यह ट्रेन दोपहर 3.27 बजे भोपाल, शाम 4.06 विदिशा, 4.30 बजे गंजबासौदा, 5.19 बजे बीना, 5.55 बजे ललितपुर, 6.28 बजे बबीना, 7.01 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन, 7.20 बजे दतिया, रात 8.03 बजे ग्वालियर, 8.29 बजे मुरैना, 8.56 बजे धौलपुर, 9.27 बजे आगरा कैंट, 9.35 बजे राजा की मंडी, 10.04 बजे मथुरा जंक्शन, 11.35 बजे हजरत निजामुद्दीन और रात 11.50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

## संपादकीय

# रामनवमी और हिंसा

किसके इशारे पर उपद्रवी तत्व कब नियम-कायदों की परवाह करते हैं। उनकी तो कोशिश होती है कि वे कुछ ऐसा करें, जिससे समाज में विद्वेष और तनाव का वातावरण बने। औरंगाबाद में भीड़ ने पुलिस पर ही हमला कर दिया। अब यह भी छिपी बात नहीं है कि ऐसे उपद्रवी तत्व किनके इशारे पर यह सब करते हैं। दिल्ली के जिस इलाके में पिछले साल हिंसा हुई थी, उसी इलाके में इस साल रामनवमी के दिन भी शोभायात्रा निकालने का प्रयास किया गया, हालांकि पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। रामनवमी से एक दिन पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए पीड़ा व्यक्त की थी कि देश के लोग यह संकल्प क्यों नहीं ले पाते कि वे दूसरे समुदायों के प्रति सहिष्णुतापूर्ण व्यवहार करेंगे। मगर यह बात शायद लोगों को सुनाई नहीं पड़ी। रामनवमी के दिन तीन राज्यों की कम से कम पांच जगहों पर भीषण हिंसा भड़क उठी, आगजनी हुई और कई लोग घायल हो गए। गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में यह हिंसा उस वक्त हुई जब रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जा रही थी और उस पर पत्थर बरसाए गए। पिछले साल हनुमान जयंती के मौके पर भी इसी तरह शोभायात्रा के दौरान छह राज्यों में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें कई लोग मारे और कई घायल हो गए थे। स्वाभाविक ही इस हिंसा के चलते समुदाय विशेष फिर से निशाने पर आ गया है। हालांकि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के पीछे वहां की मुख्यमंत्री भाजपा का हाथ बता रही हैं। इस पर राजनीति तो होनी ही थी और वह कई दिनों तक होगी। फिर उन इलाकों में दोनों समुदायों के बीच वर्षों तनावपूर्ण रिश्ते बने रहेंगे। ऐसी सांप्रदायिक हिंसा के नतीजे आखिरकार समाज को ही भुगतने पड़ते हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे किसी एक समुदाय को दोषी करार नहीं दिया जा सकता। मर्यादाएं दोनों तरफ से टूटती देखी जाती हैं। इन दिनों रमजान भी चल रहा है और इस बीच में रामनवमी का त्योहार आ गया, इसलिए शोभायात्रा जैसे आयोजनों में प्रशासन से खासी सतर्कता की अपेक्षा की जाती थी, जो दिल्ली में देखी भी गई। मगर गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में इसकी जरूरत क्यों नहीं समझी गई या कैसे वहां के प्रशासन से चूक हुई कि वे इन्हें रोकने में नाकाम साबित हुए। ऐसी शोभायात्राएं बिना पुलिस की जानकारी के नहीं निकाली जातीं और उनका मार्ग भी पहले से तय होता है। ऐसे में पुलिस को जानकारी रहती है कि किन इलाकों से शोभायात्रा के गुजरने पर हिंसा भड़कने की आशंका हो सकती है। फिर इस पहलू पर गंभीरता से विचार क्यों नहीं किया गया।

**Quote...**

“ कभी खुद को
छानकर भी देख,
खाक के सिवा तुझमें
रखा ही क्या है। ”



# पड़ोसी राजा

**तेनालीराम को राज कृष्णदेव राय के दरबार में विशेष सम्मान हासिल था। इसलिए, उनसे जलने वालों की राजमहल में कमी न थी। एक समय की बात है, विजयनगर राज्य के हालात अच्छे न थे। राज्य पर पड़ोसी देश के हमला करने का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे समय में एक दरबारी ने सोचा कि महाराज को तेनालीराम के खिलाफ भड़काने का यह सबसे अच्छा मौका है।**

एक दिन महाराज कृष्णदेव राय अपने बाग में बैठे कुछ सोच रहे थे कि तभी वहां एक कुटिल दरबारी पहुंच गया। उसने राजा से कहा कि महाराज अगर आप गुस्सा न करें, तो आपको एक बात बताना चाहता हूं। राजा बोले निडर होकर बोलो। दरबारी बोला कि आप जानते नहीं, लेकिन तेनालीराम पड़ोसी राज्य से मिला हुआ है। वो समय-समय पर राज दरबार की गुप्त बातें पड़ोसी देश के राजा को देता रहता है।

यह सुनते ही महाराज गुस्से से आग बगुला हो गए और बोले, “मूर्ख! तेनाली राम के बारे में ऐसी बात करते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। वो विजयनगर का सबसे वफादार नागरिक है और देशभक्त भी है।” इस पर दरबारी बोला, “यह झूठ है महाराज, उसने आपकी आंखों पर पट्टी बांध रखी है। इसलिए, आपको उसकी कोई चालबाजी दिखाई नहीं देती है, लेकिन मुझे पक्की खबर मिली है।” दरबारी के इतने विश्वास के साथ कहने पर राजा को भी थोड़ा-थोड़ा तेनालीराम पर शक होने लगा।

राजा ने तुरंत तेनालीराम को अपने द्वार में बुलाया और उससे पूछा कि क्या तुम पड़ोसी देश के राजा के गुप्तचर हो? तेनालीराम को महाराजा से इस सवाल की उम्मीद न थी। तेनालीराम इसका जवाब न दे सके और रोने लगे। राजा ने कहा, “तुम्हारी चुप्पी का मतलब यह है कि जो हमने सुना वो सच है।” तेनालीराम बोले, “महाराज, मैं आपसे क्या कह सकता हूं। आप मुझे अच्छी तरह जानते हैं, इसलिए आप जो चाहे निर्णय ले सकते हैं।” यह बात सुनकर महाराज कृष्णदेव गुस्से लाल हो गए और बोले, “जाओ, जिस राजा की चापलूसी करते हो उसी के साथ रहो। विजयनगर राज्य तुम्हें छोड़ना होगा।”

राजा के मुंह से ऐसे कठोर वचन सुनकर तेनाली राम वहां से चल दिए। वह पड़ोसी राजा के दरबार में पहुंचे और उसकी तारीफ में उन्होंने कई गीत गाए। तेनालीराम की प्रशंसा से पड़ोसी राजा बहुत खुश हुआ और उससे उसका परिचय मांगा। तेनालीराम ने कहा, “मैं विजयनगर के राजा कृष्णदेवराय का निजी सचिव हूं।” राजा बोले, “विजयनगर तो हमारा दुश्मन है, फिर तुम वहां के निवासी होकर मेरे दरबार तक कैसे चले आए, क्या तुम्हें डर नहीं लगा?” तेनालीराम बोले, “आप हमें दुश्मन मानते हैं, जबकि हमारे राजा आपको दोस्त मानते हैं।”

पड़ोसी राजा ने चौंककर पूछा, “लेकिन हमारे दरबारी तो कहते हैं कि कृष्णदेव राय हमें दुश्मन मानते हैं।” तेनालीराम बोले, “विजयनगर के दरबारी भी राजा को ऐसे ही भड़काते हैं, लेकिन हमारे राजा उनकी बातों में नहीं आते। वो तो आपकी तारीफ करते हैं। उनका कहना है कि पड़ोसी से दुश्मनी रखना कोई अच्छी बात नहीं है।”

पड़ोसी देश के राजा को तेनालीराम की बातें अच्छी लगीं। वो बोले, “कहते तो तुम ठीक हो, लेकिन हम तुम्हारी बात कैसे मान लें?” तेनाली राम बोले, “मैं खुद उनका निजी सचिव हूं और उन्होंने मुझे शांति प्रस्ताव लेकर भेजा है।”

पड़ोसी राजा को तेनाली राम की बात पर यकीन हो गया और बोले, “तो अब हमें आगे क्या करने चाहिए?”

तेनालीराम ने सलाह दी कि एक संधिपत्र और कुछ उपहार विजयनगर राज्य पहुंचाएं और आगे बढ़कर विजयनगर से मित्रता स्वीकार करें। राजा को तेनालीराम का सुझाव बहुत पसंद आया। उन्होंने उपहारों की तैयारी शुरू करवा दी।

उधर, राजा कृष्णदेव को तेनाली राम की बेगुनाही का पता चल गया था और वो अपने व्यवहार पर बहुत पछता रहे थे। अगले दिन उन्होंने देखा कि दरबार में तेनालीराम और पड़ोसी राजा के दूत संधि का प्रस्ताव लेकर हाजिर थे। उनके साथ बहुत से उपहार भी थे। राजा ने तेनालीराम को प्रेमपूर्वक देखा। उन्हें मन ही मन विश्वास हो गया था कि दुश्मनी को दोस्ती में बदलने का काम सिर्फ तेनालीराम ही कर सकता है।

### ● कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यही सीख मिलती है कि ईमानदारी का परिणाम एक न एक दिन जरूर मिलता है। साथ ही किसी की भी बात पर आंखें बंद करके भरोसा नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से हमेशा खुद का ही नुकसान होता है।

## Highlights

1. Kalakshetra professor booked for sexual abuse after protests in TN
2. Gigi Hadid shares pics from Ambani's NMACC event in Mumbai, calls it 'incredible'
3. Bengal policeman beat me up at police station: NCPCR Chairperson
4. US museum to return 15 antiques that were illegally removed from India; list released
5. Swedish man molests 24-yr-old air hostess on IndiGo's Bangkok-Mumbai flight, arrested
6. Price of 19-kg commercial LPG cylinder cut by up to ₹91.5, city-wise list released

# Fiscal deficit stands at 82.8% of full-year target in February: Govt data

**NEW DElHI, (Agency).** The central government's fiscal deficit touched 82.8 per cent of the full-year target at the end of February, according to data released by the Controller General of Accounts (CGA) on Friday.

The fiscal deficit in the comparable period of 2021-22 was 82.7 per cent of that year's Revised Estimate (RE) in the Budget. (File)

The fiscal deficit in the comparable period of 2021-22 was 82.7 per cent of that year's Revised Estimate (RE) in the Budget. (File)

In actual terms, the fiscal deficit or gap between the expenditure and revenue collection during April-February period stood at ₹14.53 lakh crore.

The fiscal deficit in the comparable period of 2021-22 was 82.7 per cent of that year's Revised Estimate (RE) in the



Budget.

For the full year 2022-23, the government expects the deficit at ₹17.55 lakh crore or 6.4 per cent of the GDP.

CGA data showed that the net tax collection in the first 11 months of this fiscal was at ₹17,32,193 crore or 83 per cent of the RE for 2022-23. In the comparable period last fiscal, the collection stood at 83.9 per cent of the RE for 2021-22.

Total expenditure incurred by the government was ₹34.93 lakh crore (83.4 per cent of RE 2022-23), out of which ₹29,03,363 crore was on Revenue Account and ₹5,90,227 crore was on Capital Account.

Out of the total revenue expenditure, ₹7,98,957 crore was for interest payments and ₹4,59,547 crore was on account of major subsidies.

Aditi Nayar, Chief Economist at rating agency Icra, said the smaller incremental fiscal deficit in February relative to February 2022 benefitted from the step down in tax devolution between these two months as well as subdued capex.

# Over 226 crore Aadhaar authenticated this month: UIDAI

**NEW DElHI, (Agency).** With over 226 crore Aadhaar authentication transactions, a growth in the adoption and usage of Aadhaar across different sectors in India, the Unique Identification Authority of India (UIDAI) said in a press release. It also said that over 10.97 million numbers have been seeded in Aadhaar this month, marking around 93% jump as compared with January.

Aadhaar is a 12-digit number that links to the biometric and iris data of an individual, creating a unique identity.(Reuters)

Aadhaar is a 12-digit number that links to the biometric and iris data of an individual, creating a unique identity.(Reuters)

"The jump is indicative of UIDAI's continuous encour-



agement, facilitation, and residents' willingness to keep their mobile number updated for availing various services," it said in the release.

UIDAI has been asking residents to link their Aadhaar with mobile number for better and effective communication while availing welfare services and accessing multitude of voluntary service. Around 1,700 central and state social welfare direct benefit transfer (DBT) and good governance schemes have been notified.

Over 9,255 Aadhaar authentication transactions have been executed by the end of February, UIDAI said, adding that majority of the authentications transaction numbers were carried out by using fingerprint, it is followed by demographic and OTP.

Uttarpradesh

# 100 करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले में 18 पर केस दर्ज, ईडी की कार्रवाई के आधार पर हुई रिपोर्ट

**लखनऊ, (एजेंसी)** प्रदेश के दस शिक्षण संस्थानों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे 100 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति हड़पने के मामले में 18 नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई ईडी की ओर से फरवरी संस्थानों की जांच में मिली गड़बड़ी के आधार पर की गई गई है।

छात्रवृत्ति हड़पने के लिए संस्थानों ने अपने कर्मचारियों व अन्य काल्पनिक व्यक्तियों के नाम से बैंक एजेंट से मिलकर फर्जी खाते खोलकर उनके डेबिड कार्ड भी अपने पास रख लिए। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक, मामले की रिपोर्ट संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल के आदेश पर हजरतगंज थाने में तैनात एसएसआई




दयाशंकर द्विवेदी ने दर्ज कराई है।

आरोपी शिक्षण संस्थानों ने 2015 से प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की ओर से कमजोर श्रेणी के लाभार्थियों को दी जाने वाली करीब 100 करोड़ से अधिक की पोस्ट मैट्रीकुलेशन छात्रवृत्ति हड़प ली।

इसके लिए संस्थानों ने कूटरचित दस्तावेजों, फर्जी बैंक खातों और काल्पनिक व्यक्तियों के नाम का सहारा लिया। कॉलेजों के कॉमन प्रबंधक, कर्मचारी और मोबाइल नंबरों की जांच की गई। पता चला कि कई छात्रों का खाता एक ही ई-मेल आईडी से खोला गया।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक शिक्षण संस्थानों ने छात्रवृत्ति हड़पने के लिए अपने कर्मचारियों व अन्य काल्पनिक व्यक्तियों के नाम से बैंक खाते खोले। इनमें कुछ नाबालिग और बुजुर्गों भी थे, जिन्हें खाता खोले और छात्रवृत्ति तक की जानकारी नहीं थी। इन खातों से ही कई लोगों को भुगतान किया गया।

Chennai

# 'आई एम सॉरी, नॉट गुड एनफ'... लिखकर फांसी के फंदे पर लटका मिला IIT मद्रास का स्टूडेंट

**चेन्नई, (एजेंसी)** IIT मद्रास से पीएचडी कर रहे छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। बताया जा रहा है कि छात्र ने वॉट्सएप स्टेट्स पर एक मैसेज लिखा था, जिसे देख उसके दोस्त घबरा गए। जब तक दोस्त उसके पास पहुंचे, तब तक छात्र की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस छात्र द्वारा लिखे गए मैसेज की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय सचिन कुमार जैन आईआईटी मद्रास में पीएचडी कर रहा था। सचिन पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। सचिन शुक्रवार को आईआईटी कैंपस से लौटा था। बताया जा रहा है कि सचिन ने वॉट्सएप पर स्टेट्स के रूप में 'आई एम सॉरी, नॉट गुड एनफ' मैसेज लिखा। जब यह मैसेज सचिन के दोस्तों ने देखा तो वे घबरा गए।



Chandigarh

# चंडीगढ़ में आज से बिजली-पानी महंगा, रात 12 बजे तक खुलेंगे शराब ठेके

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** चंडीगढ़ वासियों पर अब बिजली और पानी का बोझ बढ़ जाएगा। शनिवार से पानी के दाम पांच फीसदी तो बिजली के दाम में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी। ली कार्बूजिए सेंटर, कैपिटल कांप्लेक्स, पियरे जेनरेट म्यूजियम आदि को देखने के लिए भी लोगों को पैसे देने होंगे। इसके अलावा शनिवार से शहर में नई आबकारी नीति लागू हो जाएगी, जिसके तहत शराब के ठेके अब रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। शहरवासियों की आमदनी बढ़े न बढ़े पानी, बिजली समेत अन्य जरूरत की चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। नगर निगम ने तय किया हुआ है कि हर साल एक अप्रैल से बिना किसी मंजूरी के पानी के दाम पांच फीसदी बढ़ जाएंगे। इसके लिए किसी तरह के आदेश व अधिसूचना की भी जरूरत नहीं है। पानी के बिल का 10 फीसदी सीवरेज शुल्क भी लोगों को देना होगा। इस बढ़ोतरी का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। हालांकि एक अच्छी खबर भी है कि नगर निगम की तरफ से शनिवार से विभिन्न मार्केटों में एक एक दुकान से कूड़ा उठाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे दुकानदारों को राहत मिलेगी।

Bihar

# एमएलसी चुनाव में वोट के बदले नोट! गया में वोटर को कैश बांटते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष का VIDEO वायरल

**गया, (एजेंसी)** बिहार विधान परिषद चुनाव (MLC Election 2023) में वोट के बदले नोट बांटने का मामला सामने आया है। गया में एमएलसी चुनाव के दौरान वोटर को कैश बांटते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू का वीडियो वायरल हो गया है। इसमें वे शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार जीवन कुमार के पक्ष में वोट देने की बात कह रहे हैं। हिंदुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गया डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं बीजेपी जिलाध्यक्ष का कहना है कि वह रामनवमी के चंदे का पैसे दे



रहे थे, विरोधियों ने उनके वीडियो को एडिट करके साजिश की है। बता दें कि बिहार विधान परिषद की पांच सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार को वोटिंग हुई। आरोप है कि गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने पैसे बांटे। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें वे एक शख्स को पैसे देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में आ रही आवाज में प्रेम प्रकाश यह कहते सुने जा सकते हैं कि वोट सॉलिड जाना चाहिए। एक नंबर पर निशान लगाना है। यहां तक कि उन्होंने पैसे लेने वाले व्यक्ति से कहा कि वोटिंग करते हुए फोटो लेकर आना, पैसा दे रहे है तो श्योर होंगे ही।

खेल

# लगातार दूसरे सीजन में नर्वस नाइंटीज का शिकार हुए ऋतुराज गायकवाड़, सिर्फ 8 रन से शतक से चूके, बनाए ये रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ शतक नहीं पूरा कर सके हैं। वह आईपीएल 2023 की पहली सेंचुरी लगाने से सिर्फ 8 रन से चूक गए। ऋतुराज गायकवाड़ के साथ लगातार दूसरी बार ऐसा हुआ है कि वह नर्वस नाइंटीज के चंगुल में फंसे हो। इससे पहले वह पिछले सीजन में यानी आईपीएल 2022 में भी नर्वस नाइंटीज का शिकार बने थे।

ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले में 50 गेंद में 92 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 9 छक्के लगाए। इससे पहले उन्होंने सिर्फ 23 गेंदों में दमदार फिफ्टी पूरी की थी। इसी के साथ वह लगातार दूसरी बार शतक बनाने से चूके। इससे पहले आईपीएल 2022 में वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में 57 गेंद में 99 रन बनाकर आउट हुए थे। ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल में सिर्फ एक शतक लगाया है। आईपीएल 2021 में उन्होंने शतक लगाया था।

गायकवाड़ जीटी के खिलाफ एक पारी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, इससे पहले पिछले साल क्वालीफायर 1 में ईडन गार्डन्स में जोस बटलर ने गुजरात के खिलाफ 89 रन की पारी खेली



थी। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक पारी में सर्वाधिक छक्का लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। चेन्नई के लिए खेलते हुए एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड मुरली विजय के नाम है, जिन्होंने 2010 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 11 छक्के जड़े थे।

सिनेमा

# NMACC : ऐश्वर्या राय संग बिटिया आराध्या बच्चन ने सादगी से जीता फैन्स का दिल, फिर क्यों हुईं ट्रोल?

'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' के उद्घाटन के दौरान देश-विदेश के कई सेलेब्स ने शिरकत की। स्टार स्टडिड इस इवेंट के कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिन्हें सोशल मीडिया यूजर्स पसंद कर रहे हैं। इस इवेंट में ऐश्वर्या राय बच्चन ने भी बेटी आराध्या बच्चन संग शिरकत की, लेकिन ट्रोल हो गईं। आखिर किस वजह से इंस्टा यूजर्स ने ऐश्वर्या को ट्रोल किया, वो आपको इस रिपोर्ट में बताते हैं।

'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' के इनॉग्रेशन में बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी बेटी आराध्या संग पहुंचीं। इस दौरान जहां ऐश्वर्या काफी खूबसूरत दिख रही थीं तो दूसरी ओर आराध्या भी काफी क्यूट दिख रही थीं। ऐश्वर्या-आराध्या ने एथनिक ड्रेस पहनी थीं, जिसकी तारीफ इंस्टा यूजर्स कर रहे हैं। वहीं आराध्या की सादगी की भी खूब तारीफ हो रही है। कई फैन्स ने कमेंट किया है कि आराध्या बाकी स्टारकिड्स की तरह दिखावा नहीं करती है और हमेशा मासूमियत से दिल जीत लेती है।



एक ओर जहां ऐश्वर्या के स्टाइल और आराध्या की सादगी को सोशल मीडिया यूजर्स पसंद कर रहे हैं तो दूसरी ओर उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है। दरअसल कई सोशल मीडिया यूजर्स ने आराध्या के हेयरस्टाइल पर कमेंट किया है। एक इंस्टा यूजर ने लिखा- 'लगता है जीवनभर आराध्या इस ही हेयरस्टाइल में दिखेंगी।' दूसरे इंस्टा यूजर ने लिखा- 'क्या 18 साल तक आराध्या हेयरस्टाइल चेंज नहीं कर सकती।' एक और इंस्टा यूजर ने लिखा,'इस हेयरस्टाइलिस्ट को नौकरी से निकालो, हर बार एक ही हेयरस्टाइल, बोर हो गए।'

# यशवंत सागर में मिली युवती की लाश

## लापता थी मृतका, बैंक जाने के लिए निकली थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एरोड्रम थाना क्षेत्र से लापता हुई युवती की लाश यशवंत सागर में पड़ी मिली। बताया जाता है कि वह घर से बैंक जाने के लिए निकली थी, बाद में वापस ही नहीं लौटी, उसकी गुमशुदगी भी थाने में दर्ज थी।**

कल यशवंत सागर डैम में एक लड़की की लाश मिली थी। देपालपुर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया उसने हरे काले रंग का सलवार सूट पहना था । उसकी गर्दन पर बाएं तरफ त्रिशूल गुदा हुआ था । पुलिस ने सोशल मीडिया पर लड़की की तस्वीर को डाला। बाद में उसकी पहचान एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाली नेहा आठिया निवासी सुविधि नगर के रूप में हुई है । एरोड्रम टीआई संजय शुक्ला के अनुसार युवती की गुमशुदगी थाने में दर्ज थी । वह बैंक जाने का कहकर घर से निकली थी। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वह यहां तक कैसे पहुंची थी। साथ ही खुदकुशी के बिंदु पर भी जांच की जा रही है।

### दो लोगों के शव मिले

महू क्षेत्र में आने वाले काकड़पुरा तालाब में पानी में एक युवक की लाश दिखाई दी। घटना की जानकारी लगते ही किशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पानी में से बाहर निकालकर कर पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। किशनगंज टीआई कुलदीप खत्री ने बताया कि युवक का नाम राघवेंद्र पिता संतोष है जिसकी (30) है। दो दिन पहले ही मृतक युवक की गुमशुदगी किशनगंज थाने में दर्ज हुई थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तालाब में लाश की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई मौके पर भी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इसके साथ ही दूसरा मामला बडगोंदा थाना क्षेत्र का है। यहां बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम केलोद के पास लगन शाह बाबा के जंगल में अज्ञात पुरुष की लाश मिली है। जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष है। यहां से निकलने वाले एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी कि जंगल में किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है, मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है।

# टक्कर मारी, फिर विवाद कर धमकाया

● अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अलग-अलग स्थानों पर टक्कर के बाद विवाद और मारपीट कर धमकाने के मामलों में पुलिस ने लोडिंग और ट्रक चालकों पर केस दर्ज किए हैं।**

चंदन नगर पुलिस ने अंकित पिता अनिल रावत निवासी एमआइजी कॉलोनी की रिपोर्ट पर ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 7085 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना गधा टेकरी धार रोड की है। आरोपी ट्रक चालक ने सडक के किनारे खड़ी फरियादी की गाडी में पीछे से टक्कर मार दी। गाड़ी में बच्चे भी सवार थे जो बाल-बाल बच गए। फरियादी ने बताया कि उसने ट्रक चालक से बोला कि भाई तुमको होश नहीं है कि साइड में गाड़ी खड़ी है। बच्चे बैठे हैं और तुमने टक्कर मार दी। इस बात पर वह ट्रक चालक ने गालियां दी और मारपीट कर धमकी दी कि अब अगर मेरे सामने कभी आया तो जान से मार दूंगा।

इसी प्रकार राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि भावेश पिता लोकेश हरियाणी निवासी स्कीम नं. 103 की रिपोर्ट पर बिना नंबर के लोडिंग रिक्शा चालक पर केस दर्ज किया गया। घटना अमितेश नगर नाले के पास कल हुई। भावेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी की लोडिंग का चालक अपनी गाड़ी तेजगति और लापरवाही पूर्वक चला कर लाया और उसके स्कूटर को टक्कर मार दी। जब उसे गाड़ी धीरे चलाने का बोला तो गालियां देने लगा। कहासुनी के दौरान आरोपी ने मारपीट की और पत्थर से मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# ठगी के शिकार लोगों को क्राइम ब्रांच ने रुपए दिलवाए वापस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **चार लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इंवेस्टीगेशन टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों को उनके रुपए वापस दिलवाए। आरोपियों ने आर्मी अफसर बनकर ठगी की थी।**

जानकारी के अनुसार फरियादी हरि ओम सीलिंग लगाने का काम करता है से जानकारी लेकर जांच में पता चला कि ठगने स्वयं को आर्मी अफसर बताकर उसको झूठे विश्वास में लेते हुए विजयनगर क्षेत्र में मकान निर्माण बताकर सीलिंग लगाना है कहकर उसे ऑर्डर दिया और पेमेंट करने का बोल कर वॉलेट अकाउंट पर पेमेंट रिक्वेस्ट भेज कर हरिओम के खाते से 82 हजार आहरित कर ऑनलाइन ठगी की गई थी। जिस पर क्राइम ब्रांच ने हरिओम से ट्रांजैक्शन की जानकारी लेकर संबंधित बैंक एवं वॉलेट कंपनी से संपर्क कर हरिओम की आहरित राशि वापस उसके अकाउंट में सकुशल करवाई। इसी प्रकार लोहे का सामान का व्यवसाय करने वाले राजेश के साथ भी आर्मी अफसर बनकर 12649 रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई। क्राइम ब्रांच ने या राशि राजेश को वापस दिलवाई। लेब ईक्यूमेंट का व्यवसाय करने वाले आलोक कुमार से ठग ने स्वयं को आर्मी अफसर बताकर उसके खाते से 97 हजार रुपए आहरित कर ऑनलाइन ठगी की गई थी। जिसमें तत्काल साइबर हेल्पलाइन आलोक कुमार से ट्रांजैक्शन की जानकारी लेकर संबंधित बैंक एवं वॉलेट कंपनी से संपर्क कर पूरी राशि सकुशल वापस करवाई। वही डॉक्टर हेमंत के साथ ठगने आर्मी अधिकारी बनकर फोर्स के स्टाफ की सूची भेजते हुए झूठे विश्वास में लेकर उन्हें स्टाफ की स्वास्थ्य जांच कराने के लिए संपर्क करते फीस पेमेंट करने के नाम पर वॉलेट के माध्यम से पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए 40 हजारों रुपए आहरित कर ठगी की गई उसके बाद डॉक्टर ने ठग को बोला कि पेमेंट प्राप्त होने की जगह कट गया तो ठग द्वारा पैसा रिफंड करने के नाम से दोबारा उसी तरीके से 50 हजार रुपए की ठगी की गई। इस प्रकार डॉक्टर के साथ 90 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई थी। जिसमें तत्काल फाइबर हेल्पलाइन ने कार्रवाई करते हुए संपूर्ण 90 हजार रुपए की राशि डॉक्टर को वापस करवाई। ठगी के शिकार चारों लोगों ने क्राइम ब्रांच की साइबर हेल्पलाइन की प्रशंसा की है।

# 10 हजार का इनामी शातिर चोर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर ।**पलासिया पुलिस ने 10 हजार रुपए के फरार इनामी शातिर चोर को गिरफ्तार किया है।जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी पर तीन थानों में दर्ज प्रकरणों में इनाम घोषित किया गया था।**

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम अरुण पिता विष्णु हाड़ा निवासी देवास है। इसके खिलाफ वाहन चोरी और अन्य अपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। अरुण चोरी के एक मामले में लंबे समय से फरार था जिसकी पुलिस को तलाश थी कई जगह पुलिस ने उसके ठिकानों पर दबिश दी मगर वह पकड़ में नहीं आया। इसकी गिरफ्तारी के लिए पलासिया थाना के एक प्रकरण में 5 हजार का इनाम और लसूडिया थाने के प्रकरण में 3000 और विजयनगर के प्रकरण में 2000 का इनाम घोषित था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अरुण को गिरफ्तार कर लिया है। टीआई संजय सिंह बेस ने बताया कि अरुण के खिलाफ भोपाल आष्टा सहित अन्य जिलों में भी चोरी के कई प्रकरण दर्ज है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# महिला से की मारपीट

इंदौर। घर की छत पर आने का कारण पूछा तो युवक ने महिला के साथ मारपीट कर दी। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि नैनोसिटी कॉलोनी में ब्लॉक से कूद कर समीप की कॉलोनी की छत पर जाने को लेकर कल रात विवाद और मारपीट हो गई। मामले में मनीषा पति गुरुचरण निवासी नैनोसिटी की रिपोर्ट पर आरोपी जितेंद्र पिता गोपाल प्रजापत के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने बताया कि आरोपी हमारे ब्लॉक में कूद कर छत पर आ गया। जब उससे कहा कि हमारी कॉलोनी की छत पर क्यों आए तो उसने गालियां दी और मारपीट कर मेरी हाथ की ऊंगली में काट लिया। शोर सुनकर मेरी पडोसी भावना बीच-बचाव करने आई तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली- गलौज की और जाते-जाते बोला और जान से मारने की धमकी दी।

# महिलाओं में विवाद, जमकर हुई मारपीट

● दोनों पक्षों पर पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्कीम नंबर 136 स्थित गार्डन में महिलाओं के बीच विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामले में लसूड़िया पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है। घटना स्कीम नंबर 136 स्थित मां कालिका गार्डन के सामने हुई। पुलिस के अनुसार अंकिता पाटिल की रिपोर्ट पर स्वाति मौर्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया। अंकिता ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के बाहर घूम रही थी तभी कॉलोनी की कुछ महिलाएं आईं। उनमे से एक मौर्या नामक लड़की बोलने लगी कि तुम लोग बाबा साहब को क्यों नहीं मानते हो। इसी बात को लेकर वह अकारण ही गाली-गलौज करने लगी और मुझे चांटे मार दिए। उधर दूसरे पक्ष से फरियादी स्वाति मौर्य की रिपोर्ट पर अंकिता पाटिल पर केस दर्ज किया गया। स्वाति ने बताया कि अंकिता हमसे बोली कि तुम यहां क्यों घूम रहे हो, यह हमारा गार्डन है। ये बाबा साहब के नाम का गार्डन नहीं है। इस पर कहासुनी हुई तो अंकिता गालियां देने लगी और झूमाझटकी कर मारपीट की।

## शराब के लिए रास्ता रोककर पीटा

**इंदौर**। युवक का रास्ता रोककर बदमाशों ने शराब पीने लिए रुपए मांगे, इनकार करने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि घटना गुरुवार की रात अभिषेक पिता बालेन्द्र शेखर पांडे (27) मूल निवासी ग्राम खड्डी कला जिला सीधी ( हाल मुकाम भोलाराम उस्ताद मार्ग) के साथ विष्णुपुरी रोड पर हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अरुण राणा और अतुल अवधिया निवासी सीधी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अभिषेक ने बताया कि विष्णुपुरी रोड पर टीलॉजी गिरिराज बिल्डिंग के सामने दोनों आरोपियों ने उसे रोका और बोले कि हम यहां के दादा पहलवान हैं। हमें शराब पीने के लिए एक हजार रुपए दो। जब रुपए देने से मना किया तो आरोपी गालियां देने लगे। जब गालियां देने से मना किया तो उन्होंने लात-घूसों से मारपीट कर दी। उसे चेहरे और दोनों कानों में चोटें आई हैं। आसपास के लोग एकत्र हुए तो दोनों बदमाशों ने धमकाया और भाग गए।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।